**16.02 hrs.**

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up Matters under Rule 377.

**Title:** Need to expedite rural electrification work in Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand.

**श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) :** उपाध्यक्ष महोदय, आजादी के 55 सालों के बाद मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में 90 प्रतिशत गांव बिना बिजली के हैं, जिसके कारण यहां के ग्रामीण एवं आदिवासी लोग अपना आर्थिक एवं सामाजिक विकास करने में समर्थ नहीं हो पा रहे हैं और बिजली के बिना तो खेतों में पानी और उद्योग धन्धों को लगाना संभव ही नहीं है। गत र्वा के दौरान झारखण्ड के कई सदस्यों ने झारखण्ड में ग्रामीण विद्युतीकरण के असंतोाजनक कार्य की तरफ ध्यान आकर्ाित किया था। इस संबंध में केन्द्र सरकार की ओर से गहन जांच किए जाने की आवश्यकता है।

अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्य की समीक्षा की जाए और ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्य में तेजी लाई जाए।